# पीएचईडी मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

## पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल ने उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर के अधिकारियों की बैठक ली



पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली।

- पेयजल आपूर्ति और समर प्लान की समीक्षा कर निर्देश दिये, विधायकों सहित जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया

**उदयपुर, (कासं)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर व्यक्ति को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उदयपुर में पानी की कोई कमी नहीं है और न ही पेयजल प्रबंधन के लिए बजट का कोई इशू है। अधिकारी बेहतर से बेहतर प्रबंधन कर आमजन को पानी उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल शनिवार को जिला परिषद सभागार में उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों में पेयजल योजनाओं तथा समर प्लान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।


उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी तेज होने के साथ ही सतही जलस्त्रोतों में पानी की कमी होगी। वहीं भूजल लेवल भी डाउन होगा। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए समर प्लान बनाकर कंटीजेंसी में बजट भी उपलब्ध करा दिया है। अधिकारी सिस्टम को दुरस्त रखते पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने हैंडपंप और नलकूप के स्वीकृत कार्य अविलम्ब पूरे कराने के लिए पाबंद किया। मंत्री ने विभागीय योजनाओं, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं आदि की भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए।

बैठक के दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह, मावली विधायक पुष्कर डांगी, सलूम्बर विधायक शांतादेवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा, समाजसेवी गजपालसिंह सहित पीएचईडी के उदयपुर, राजसमंद व सलूम्बर के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

मंत्री कन्हैयालाल ने उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों के अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जल्द काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। चर्चा के दौरान अवैध कनेक्शन का जिक्र आने पर मंत्री ने ऐसे सभी कनेक्शन कटवाने तथा संबंधितों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन में जिन ठेकेदारों की ओर से अपेक्षित काम नहीं किए जा रहे उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन के तहत पूर्ण हुए कामों को ग्राम स्तरीय समितियां बनाकर हस्तांतरित किए जाने को लेकर जल्द दिशा-निर्देश जारी किए जाने की बात कही। बैठक में उदयपुर शहर, ग्रामीण, नाथद्वारा, राजसमंद, वल्लभनगर, मावली व सलूम्बर विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं, जल जीवन मिशन के कामों की धरातलीय हकीकत, पेयजल परियोजनाओं की स्थिति आदि की जानकारी दी। मंत्री ने एक-एक क्षेत्र के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। न्यून प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पूर्ण गंभीरता से काम करने की हिदायत दी।

# 20 लाख रुपये का डोडा पोस्त जब्त, तस्कर फरार

## थार गाड़ी से 235.220 किलोग्राम अवैध मादक प्रदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया



पुलिस ने अवैध डोडा-पोस्त सहित परिवहन में प्रयुक्त थार जीप को जब्त किया।

- तस्कर पुलिस नाकाबंदी तोड़ कर भागे तो पुलिस ने जंगल व पहाड़ी क्षेत्र में पीछा कर अवैध मादक पदार्थ की खेप पकड़ी

**ब्यावर, (निसं)।** अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त तस्करों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर 235.220 किलोग्राम अवैध मादक प्रदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त की अनुमानित बाजार कीमत करीब 20 लाख रूपये बताई है। वहीं तस्कर पुलिस नाकाबंदी को तोड़ कर भागे तो पुलिस ने जंगल व पहाड़ी क्षेत्र में पीछा कर अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप पकडी। वहीं डोडा-पोस्त परिवहन में प्रयुक्त वाहन थार जीप को जब्त किया।

उप महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज ओमप्रकाश आईपीएस के आदेशानुसार व जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव वृताधिकारी जैतारण के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए महिन्द्रा थार जीप से 235.220 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त कर परिवाहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया। 11अप्रैल को थानाधिकारी पुलिस थाना बर मय टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर के विरूद्ध चल रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक महिन्द्रा थार जीप ब्यावर की तरफ से आई जो संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम द्वारा रोकना चाहा तो वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज गति से भगा कर नाकाबन्दी को तोड़ कर गाड़ी को भगा ली जिस पर पुलिस टीम द्वारा गाड़ी का पीछा किया तो तस्करों द्वारा गाड़ी को पहाड़ी क्षेत्र में कच्चे रास्तों में भगाकर कर जंगल में छोड़ कर झाड़ियों में फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले। पुलिस टीम द्वारा वहां की तलाशी ली गई तो उक्त वाहन में 14 प्लास्टिक के कट्टे मिले जिनको खोलकर देखा तो डोडा-चूरा भरा हुआ मिला जिनका वजन 235.220 किलोग्राम हुआ। जिनको जब्त किया जाकर परिवहन में प्रयुक्त वहान महिन्द्रा थार को जब्त किया। मौके से फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# ससुरालजनों पर घर से निकालने का आरोप

**महाजन, (निसं)।** कस्बे में एक विवाहिता ने अपने पति, सास व ससुर पर मारपीट कर घर से निकालने का व स्त्री धन छीनने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। महाजन थाना अधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि महाजन निवासी चांद बानो पत्नी अख्तर अली पुत्री कालू खान निवासी महाजन पीहर पालीवाला सूरतगढ़ ने अपने पति अख्तर अली, सास नजमा व ससुर अब्दुला पर मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 15 वर्ष पूर्व अख्तर अली से हुई थी। शादी के बाद से ही उसके साथ मारपीट की जाने लगी थी। कुछ दिन पूर्व पीड़िता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# क्रशर बस्ती के 20 हजार लोग अब चम्बल का पानी पी सकेंगे : राजावत

- 'जलदाय विभाग अनन्तपुरा में पुराने थाने के पीछे बड़ी टंकी बनाकर चम्बल का शुद्ध और मीठा पानी उपलब्ध करवाएगा'

**कोटा, (निसं)।** पूर्व संसदीय सचिव भवानीसिंह राजावत ने बताया कि आजादी के बाद क्रेशर बस्ती के 20 हजार गरीब लोग पानी, बिजली और सड़कों के अभाव मे टैंकरों का पानी पीते थे, फिर हैण्डपम्पों के सहारे अपनी प्यास बुझाते थे। इन लोगों की अब जलदाय विभाग ने सुध ली और आने वाले समय में इन गरीब लोगों के लिए जलदाय विभाग अनन्तपुरा में पुराने थाने के पीछे बड़ी टंकी बनाकर तालाब बस्ती, क्रशर बस्ती, बरड़ बस्ती में घर-घर में नल लगवाकर चम्बल का शुद्ध और मीठा पानी उपलब्ध करवाएगा।

राजावत ने यह घोषणा करते हुए कहा कि हालांकि अभी तो क्रशर बस्ती में टैंकर मुहैया करवा दिए गए हैं लेकिन चम्बल में अथाह पानी है। शीघ्र ही लोगों के बीच पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाएगा। अब क्रशर बस्ती के लोगों को जलदाय विभाग पर्याप्त पानी उपलब्ध करवा देगा और लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सभी गरीब बस्तियों में पानी की टंकियों का अभाव है, जिससे आने वाले समय में पर्याप्त टंकियां बनवाकर जल आपूर्ति की जा सकेगी और मल्टीस्टोरियों में अभी तक चम्बल का पानी उपलब्ध नहीं हो सका था, क्योंकि राजस्थान में कई जगह पानी का अभाव है, लेकिन कोटा में चम्बल के अथाह पानी का वरदान हैं, इसीलिए जलदाय विभाग अब मल्टीस्टोरियों में भी पानी की स्वीकृति देगा। क्रशर बस्ती सहित कोटा शहर की कई बस्तियों में पानी का अभाव हैं लेकिन अब हर व्यक्ति को शुद्ध पानी मिले इसके लिए जलदाय विभाग प्रयास कर रहा है और इन कच्ची बस्तियों में केडीए के द्वारा सामुदायिक भवन, स्कूल भवन, सी.सी. रोड और नालियों का निर्माण एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर बस्तियों को सुसज्जित किया जाएगा।

# किशोरी ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** सुखेर थाना क्षैत्र में किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भुवाणा जोड़ाजी बावजी निवासी चन्दा(17)पुत्री हिरालाल गमेती ने अपने मकान में फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई खुमाणसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन को लेकर 102वें दिन भी धरना जारी

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला बचाओ आंदोलन के तत्वाधान में चल रहे क्रमिक अनशन धरने पर 102 वें दिन रविवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा धरना स्थल पर पहुंचे और शाहपुरा जिले की मांग कर रहे संघर्ष समिति पदाधिकारियों व सदस्यों को संबोधित करते हुए शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का समर्थन किया।

- क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा धरना स्थल पर पहुंचे



क्रमिक अनशन धरने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा पहुंचे ।

वहीं सरकार व संघर्ष समिति के मध्य सेतु बनकर आमजन की भावनाओं के अनुरूप शाहपुरा को वापस जिला बनाने का प्रयास मिलकर करने की बात कही। सरकार जब भी जिले बनाएगी चाहे पांच जिले ही बने उनमें शाहपुरा भी जिला बनेगा।

इस मौके पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ भी पहुंचे। जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया, संघर्ष समिति प्रमुख सदस्य उदयलाल बैरवा, राजेंद्र बोहरा, सूर्य प्रकाश ओझा ने भी अपने विचार रखे। जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा ने कहा कि शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा आज धरने पर आए हैं और शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का समर्थन किया हैं, शाहपुरा विधायक सरकार तक हमारी मांग पहुंचाएं। संयोजक रामप्रसाद जाट ने कहा कि अब हम साथ मिलकर शाहपुरा जिले की बहाली की मांग करेंगे। संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिले की बहाली की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन क्रमिक अनशन धरना अनवरत जारी रहेगा।

इस मौके पर अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, अधिवक्ता अंकित शर्मा, चंद्र प्रकाश राजोरा, दीपक मीणा, ताज संघर्ष समिति के सदस्य हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा, सत्यनारायण पाठक, धनराज जीनगर, छोटू रंगरेज, दुर्गालाल जोशी, रमेश मालू, महादेव रेगर, सुगन लाल बोहरा, नजीर मोहम्मद, विनीत बुनकर, शहाबुद्दीन पठान, शंभू चौधरी, सुरेश घूसर व राजेन्द्र खटीक सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# ब्राह्मण सदैव सामाजिक सरोकारों एवं जन कल्याण में अग्रणी : ओम बिरला

- सांसद कोष से निर्मित हॉल एवं भामाशाहों के कमरों का लोकार्पण किया

**कोटा, (निसं)।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के तत्वावधान में सनाढ्य भवन में सांसद कोष से निर्मित हॉल एवं भामाशाह के द्वारा नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला ने कहा कि ब्राह्मण सदैव सामाजिक सरोकारों एवं जन कल्याण की भावना में अग्रणी रहते आए हैं और शिक्षा एवं संस्कारों के साथ पूरे विश्व के समुदाय को ज्ञान की ओर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार प्रशंसनीय एवं अतुलनीय रहते हैं। ऐसे में भवन के विस्तार एवं विकास में हम सभी सहयोग करें।

कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि समाज बंधु शिक्षा और दीक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के लिए संस्कारवान परिवारों के निर्माण में सदैव प्रयत्नशील रहें। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के अध्यक्ष ओमप्रकाश टकांरिया ने समिति के 1993 से लेकर के अब तक के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए इसके उत्तरोत्तर विकास के बारे में बताया। सामाजिक सरोकारों के लिए किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया। भजन संध्या का कार्यक्रम अभिषेक शर्मा एवं पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं श्री हनुमान जी की शानदार जीवंत झांकी का आयोजन भी कार्यक्रम के दौरान किया गया।

# होटल-रेस्टोरेंट की जांच, बिना आईडी ठहरने पर 8 गिरफ्तार

**अनूपगढ़, (निसं)।** पुलिस ने राज्यव्यापी विशेष सतर्कता अभियान के तहत देर रात तक शहर में सघन गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थलों सहित शहर के होटल, रेस्टोरेंट और कैफे की जांच की। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में टीम ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। यात्रियों से उनकी सुरक्षा को लेकर फीडबैक लिया गया। मंदिरों में भी विशेष गश्त की गई। पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट और कैफे संचालकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बाहरी व्यक्तियों को आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के आधार पर ही ठहराने की हिदायत दी

# 1.60 करोड़ का सोना हड़पने वाले की गिरफ्तारी नहीं

## कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले व्यापारी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां के सर्राफा व्यवसायियों का करोड़ों रुपए का माल हड़पकर फरार हुए कोलकाता के कारीगर और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस संबंध में व्यवसायी एसपी से मिले हैं।

ब्रह्मपुरी चौक निवासी सर्राफा व्यवसायी जयप्रकाश सोनी की ओर से 27 जनवरी को नयाशहर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि दाऊजी रोड के पास रौनक ट्रेडर्स नाम से फर्म है। कोलकाता निवासी कारीगर विक्रम झुनझुनवाला सोने के आभूषण बनाने का काम करता था। 16 अक्टूबर, 2024 को उसे 2025.310 ग्राम सोना दिया जो वह हड़प गया। सोने की कीमत करीब 1.60 करोड़ रुपए थी। कोलकाता गए तो विक्रम, उसकी पत्नी रूपा, विक्की का पिता विजय और पुत्र अक्षत मिले जिन्होंने जल्दी ही आभूषण बनाकर देने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालते रहे और माल हड़प लिया। पुलिस कोलकाता पहुंची और वहां की कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड में 15 दिन का समय लेकर बीकानेर कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए। इस दौरान विक्रम ने जोधपुर हाईकोर्ट में एफआईआर खारिज करवाने का प्रयास किया। कोर्ट ने इसे नहीं माना और अनुसंधान अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा और ऐसा नहीं होने पर उसकी गिरफ्तारी और माल बरामद करने के लिए कहा। इसके बावजूद अभियुक्त फरार है और उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। सर्राफा व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मिलकर विक्रम और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# बंद घर में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

- 120 सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए दो आरोपी, नया ताला लगाकर भागे

**अनूपगढ़, (निसं)।** पुलिस ने एक बंद घर से हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वार्ड नंबर 33 में 22 मार्च को हुई इस चोरी में सोने के गहने और बुलेट बाइक चोरी हुई थी।

एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के अनुसार मकान मालकिन मोनिका 18 से 24 मार्च तक श्रीगंगानगर गई हुई थी। चोरों ने इस दौरान घर के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोरी का पता 24 मार्च को तब चला जब नए किराएदार घर पहुंचे और मुख्य दरवाजे का ताला नहीं खुल सका। अंदर जाने पर तीन कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने शहर के 120 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। आरोपी कुलविंदर सिंह उर्फ प्रीत (रिद्धि सिद्धि कॉलोनी) और सुनील स्वामी (वार्ड 28) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में एक रोचक तथ्य सामने आया कि चोरों ने शक से बचने के लिए बुलेट बाइक को पैदल धक्का देकर ले गए और मुख्य गेट पर नया ताला लगा दिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है और पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# तेज अंधड़ से पूर्व मुख्यमंत्री सुखाड़िया की मूर्ति टूटी, प्रशासन ने सुध ली



उदयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रहे मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा देर रात आए तूफान से पेड़ गिरने से टूट गई, जिसे क्रेन की सहायता से मरम्मत के लिए ले जाया गया।

- सुखाड़िया के पुत्र व कांग्रेस पदाधिकारियों के विरोध के बाद कार्यवाही शुरू हुई
- निगम अगर पार्क की पहले ही सुध ले लेता तो आज यह दुर्दशा नहीं होती : अरूण सुखाड़िया
- उदयपुर में देर रात 61 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली

**उदयपुर, (कासं)।** बीती रात उदयपुर सहित प्रदेश में कई जगह आए अंधड़ ने काफी नुकसान पहुंचाया। अचानक आये अंधड़ से सुखाड़िया सर्कल के पास पार्क में स्थापित पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की मूर्ति पर पेड़ गिरने से सुखाड़िया की प्रतिमा टूटकर जमीन पर आ गिरी। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर में अधिकतम 61 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली और करीब एक घंटे अंधड़ का असर रहा। इस दौरान रात 2 बजकर 35 मिनट पर हवा की रफ्तार की सबसे अधिक 61 किमी प्रति घंटा रही। वहीं उदयपुर शहर में छह एमएम बारिश हुई।

बीती रात अंधड़ के दौरान सुखाड़िया सर्कल पार्क में एक विशालकाय पेड़ गिरा, यह पेड़ पार्क में स्थापित पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाडिया की मूर्ति पर गिरा, जिससे मूर्ति टूट कर जमीन पर गिर गयी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। 18 जुलाई 1989 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति आर वेंकटरमण ने इस मूर्ति का अनवारण किया था। दोपहर दो बजे प्रशासन की ओर से इसे हटाने की कवायद नहीं की तो कई कांग्रेस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसका विरोध जताया। कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ ने बताया कि उन्होंने आयुक्त को इस संबंध में जानकारी देनी चाही लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। दोपहर दो बजे बाद निगम की ओर से दस्ता मौके पर पहुंचा और उन्होंने खण्डित प्रतिमा को हटाने की कवायद शुरू की। इस दौरान निगम द्वारा कचरे की गाड़ी व बिना ढके ले जाया जाने लगा तो कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया। फतह सिंह राठौड़ ने बताया कि 17 साल तक मुख्यमंत्री रहे आधुनिक राजस्थान के निर्माता मोहनलाल सुखाड़िया सभी के आदर्श रहे हैं, उनकी बदौलत ही आज हमारे शहर में कई बड़ी-बड़ी चीजें हमें मिली है। ऐसे में प्रशासन की ऐसी उदासीनता समझ से परे है। उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की।

मोहनलाल सुखाड़िया के पुत्र अरूण सुखाड़िया भी मौके पर पहुंचे और हालात को देखते हुए चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि समय रहते पेड़ की छंगाई कर ली जाती तो आज यह हालात नहीं बनते। उन्होंने बताया कि उन्होंने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, शहर विधायक ताराचंद जैन और निगम के अधिकारियों को भी सूचना दी है, उसके बावजूद दोपहर तक कोई प्रतिमा की सुध लेने नहीं आया। यह आधुनिक राजस्थान के निर्माता का अपमान है। अंधड़ के कारण शहर में कई जगह पेड़ भी गिरे हैं। इससे कुछ वाहनों को भी नुकसान हुआ है। नगर निगम ने पेड़ हटाने के लिए तीन टीमें बनाई है जो अंधड़ से टूटे पेड़ हटाकर रास्ता बहाल करने में लगी हुई है। शहर में कई क्षेत्रों में होर्डिंग भी तेज हवाएं के साथ उड़ गए।